भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 3578
उत्तर देने की तारीख : 15 जुलाई, 2019

लोक कलाओं का प्रदर्शन, कला और संगीत को प्रोत्साहन

3578. श्री फिरोज़ वरुण गांधी :
श्री कृष्ण पाल सिंह उर्फ डॉ॰ के॰पी॰ यादव :

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विभिन्न मीडिया के द्वारा लोक कलाओं को प्रोत्साहन देने और उन्हें लोकप्रिय बनाने का कोई प्रस्ताव है;
(ख) क्या उपर्युक्त कार्य आरंभ कर दिया गया है और यदि हां, तो इस संबंध में क्या प्रगति रिपोर्ट की गई है;
(ग) क्या सरकार का इस संबंध में एक समयबद्ध परियोजना आरंभ करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) वर्तमान में मध्य प्रदेश के लोक कलाकारों और संगीत को बढ़ावा देने और संरक्षित करने हेतु कौन-कौन सी केंद्रीय प्रायोजित योजनाएं हैं; और
(ङ) सरकार द्वारा इस संबंध में कितनी निधि आबंटित की गई है और गत तीन वर्षों के दौरान इन योजनाओं से कितने लोग लाभान्वित हुए हैं?

उत्तर
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)
संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(क) से (ग) : जी, हां। संस्कृति मंत्रालय मीडिया के विभिन्न माध्यमों के द्वारा भारत की लोक और जनजातीय परम्पराओं संबंधी विषय पर आधारित समारोहों और अन्य उत्सवों को प्रोत्साहन देता है और उनका प्रचार-प्रसार करता है। यह विभिन्न जन संचार, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के द्वारा हमारी लोक और जनजातीय परंपराओं के मंच एवं अन्य कला रूपों के जारी और आगामी कार्यकलापों को बढ़ावा देने के लिए विशेष कदम भी उठाता है। इसके अलावा, व्यापक पहुंच के लिए,

मंत्रालय ने दूरदर्शन द्वारा इसके विभिन्न चैनलों पर प्रसारण हेतु प्रसार भारती को लगभग 40,000 घंटों की सामग्री भी प्रदान की है।

(घ) और (ङ) : संस्कृति मंत्रालय का अधिदेश है- देश भर में लोक कला और संस्कृति के विभिन्न रूपों का संरक्षण, परिरक्षण एवं संवर्धन करना और इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए भारत सरकार द्वारा मध्य प्रदेश सहित भारत के सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में लोक कलाकारों और संगीत को बढ़ावा देने के लिए सात क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों (जेडसीसी) की स्थापना की गई है जिनके मुख्यालय पटियाला, नागपुर, उदयपुर, प्रयागराज, कोलकाता, दीमापुर और तंजावुर में स्थित हैं। इन जेडसीसी द्वारा वर्ष के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यकलाप और कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और पूरे भारत से लोक कलाकारों को इन कार्यकलापों और कार्यक्रमों में प्रस्तुति देने के लिए शामिल किया जाता है। भारत सरकार द्वारा इन सभी सात जेडसीसी को ये कार्यकलाप आयोजित करने के लिए वार्षिक सहायता अनुदान प्रदान किया जाता है। विगत तीन वर्षों के दौरान इन जेडसीसी को जारी की गई सहायता अनुदान राशि निम्नानुसार है :

(रुपए लाख में)

क्र. सं.	**वर्ष**	**राशि**
1.	2016-17	6085.07
2.	2017-18	4689.71
3.	2018-19	5952.69